भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 629**
25 जुलाई, 2024 को उत्तर देने के लिए

## खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ

**629. श्री तनुज पुनिया:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की कुल संख्या कितनी है;
**(ख)** देश में मेंथा के प्रसंस्करण में रत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;
**(ग)** क्या सरकार का उत्तर प्रदेश विशेष रूप से बाराबंकी जिले में आम और मेंथा की प्रचुर उपलब्धता को देखते हुए, नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
**(घ)** इस संबंध में सरकार की क्या कार्य योजना है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की विभिन्न घटक योजनाओं के अंतर्गत दिनांक 30.06.2024 तक उत्तर प्रदेश राज्य में 79 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को अनुमोदन दिया है।

**(ख):** आज तक, पीएमकेएसवाई की किसी भी घटक योजना के अंतर्गत मेन्था के प्रसंस्करण में कार्यरत किसी भी खाद्य प्रसंस्करण इकाई को अनुमोदन नहीं दिया गया है।

**(ग) और (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय पीएमकेएसवाई के अंतर्गत अपनी कोई खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित नहीं करता है। यह योजना मांग आधारित है और इस मंत्रालय द्वारा पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के मौजूदा योजना दिशानिर्देशों के अनुसार धन की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से पात्र संस्थाओं से आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए कोई राज्यवार निधि आवंटन नहीं किया जाता है। यह योजना राज्य, जिला, क्षेत्र या फसल विशेष नहीं है।

*****